Headline: NSE to start diploma programme	
Source: Navbharat Times	**Date:** 26 January 2017

NSE शुरू करेगा डिप्लोमा प्रोग्राम

[**विस** | नई दिल्ली]

शेयर बाजार से जुड़े पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एनएसई अकादमी लिमिटेड ने इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) से करार किया है।

एनएसई ने बताया कि इस करार के तहत दोनों मिलकर शेयर बाजार पर आधारित सर्टिफिकेट और डिप्लोमा पाठ्यक्रम पेश करेंगे। इस संबंध में हुए करार के तहत इग्नू सर्टिफिकेट प्रोग्राम ऑन डेरिवेटिव्स एंड ऑप्शन ट्रेडिंग स्ट्रैटेजीज, सर्टिफिकेट प्रोग्राम ऑन सेक्योरिटीज मार्केट और सर्टिफिकेट प्रोग्राम ऑन फाइनेंशल मॉडलिंग एंड एल्गोरिदम ट्रेडिंग के पाठ्यक्रम शुरू करेगा।

एनएसई पहली बार पत्राचार के जरिए पाठ्यक्रमों की पेशकश करने जा रहा है। इसके लिए एनएसई अकादमी और इग्नू का स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज मिलकर पाठ्य सामग्री विकसित करेंगे।